# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in**


क्रमांक / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2025 / 1794 रायपुर, दिनांक 01/07/25

## लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभिंयता (विद्युत / यांत्रिकी) पदों की भर्ती परीक्षा (PWSE25) के प्रवेश पत्र के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभिंयता (विद्युत / यांत्रिकी) पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (PWSE25) का आयोजन दिनांक 13-07-2025 (रविवार) को किया जावेगा।

अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र दिनांक 07-07-2025 से डाउनलोड कर सकते हैं । अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त SMS के यू.आर.एल. को क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं ।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभॉति परिचित हो जावें । प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं ।

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे –मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड / पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/ फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

01 July 2025

नियंत्रक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

रायपुर

1.7.25